RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

3rd Year Anniversary

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 05 | WEDNESDAY DATE 28-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


**गुस्ताखी माफ**

जिनको अपने देश से, रहता सदा मलाल।
अमरीका का वे सभी, जरा देख लें हाल।
जरा देख लें हाल, निगाहें जायेंगी खुल।
आठ लाख से अधिक, घरों की बिजली है गुल।
कह साहिल कविराय, जरा वे खींचें इनको।
रहता सदा मलाल, देश से अपने जिनको।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## लड़ाई में सिर्फ मजबूत होना काफी नहीं, जो तकनीक को अपनाता है वही आगे निकलता है : राजनाथ सिंह



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

आज के दौर में, खासकर लड़ाई के मैदान में, अब सिर्फ मजबूत होना काफी नहीं है, बल्कि तेज होना भी उतना ही जरूरी है। जो देश तेजी से सोचता है, तेजी से निर्णय लेता है और तेजी से तकनीक को इस्तेमाल में लाता है, वही आगे निकल जाता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यह बात कही। वह नई दिल्ली में डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि रिसर्च से लेकर प्रोटोटाइप तक, प्रोटोटाइप से लेकर टेस्टिंग तक, और टेस्टिंग से लेकर डिप्लॉयमेंट तक के बीच का समय कम करना होगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में समय पर उपकरणों को सेवा में शामिल करना हमारी परफॉर्मेंस का सबसे बड़ा पैरामीटर होना चाहिए। यही आज की असली चुनौती है। गौरतलब है कि ये वे वैज्ञानिक थे जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय रिसर्च की है। रक्षा मंत्री ने भविष्य की रक्षा आवश्यकताओं को लेकर इनके साथ संवाद किया। इन वैज्ञानिकों को गणतंत्र दिवस परेड के विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। रक्षामंत्री ने इनसे कहा कि आप हर तरीके की परीक्षा में खरे उतरे हैं। आपकी टेक्नोलॉजी की परीक्षा तो युद्ध के मैदान में भी हो चुकी है। अभी हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर में इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हमें दिखा। ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया कि हमारे स्वदेशी सिस्टम, भारत की ऑपरेशनल तैयारियों को मजबूत कर रहे हैं। यह सब डीआरडीओ के वैज्ञानिकों, इंजीनियर्स और टेक्निकल टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

**संक्षिप्त खबरें**

### मोदी रविदास जयंती पर आएंगे पंजाब

**जालंधर, यूटर्न/ 27 जनवरी।** गुरु रविदास महाराज जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 फरवरी को पंजाब के दौरे पर आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां में नतमस्तक होंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम करीब 4 बजे डेरा सचखंड बल्लां पहुंचेंगे और गुरु रविदास महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उनका यह दौरा पूरी तरह से गुरु रविदास महाराज जी की जयंती को समर्पित रहेगा। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन और डेरा प्रबंधन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### झारखंड नगर निकाय चुनावः मतदान 23 फरवरी को, 27 को आएंगे परिणाम

**रांची, यूटर्न/ 27 जनवरी।** झारखंड में लंबे समय से प्रतीक्षित नगर निकाय चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने रांची में कहा कि राज्य की सभी नगर पालिकाओं, नगर निगमों और नगर परिषदों के लिए एक साथ चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही पूरे झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक 23 फरवरी को नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान होगा और चुनाव के नतीजे 27 फरवरी को आएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव, 9 जनवरी को जारी की गई आरक्षण सूची के आधार पर ही होंगे। इस बार रांची नगर निगम का मेयर पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। वहीं, धनबाद और चास नगर निगम के मेयर पद को सामान्य श्रेणी के लिए रखा गया है। इसके साथ ही राज्य की 20 नगर परिषदों में अध्यक्ष पदों के लिए एससी, एसटी, ओबीसी और अनारक्षित श्रेणियों के साथ-साथ महिला आरक्षण का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक गिरिडीह, गढ़वा, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज और पूर्वी सिंहभूम जैसे जिलों की कई नगर पंचायतों में अध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया है।

## भारत-यूरोपीय यूनियन रिश्तों में एक नए युग का शंखनाद : मोदी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भारत-यूरोपीय यूनियन बिजनेस फोरम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह भारत-यूरोपीय यूनियन रिश्तों में एक नए युग का शंखनाद है।

इंडिया-ईयू बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार यूरोपीय यूनियन के लीडर्स, उनका भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना, भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच भारत के इतिहास का सबसे बड़ा एफटीए संपन्न होना और आज इतने सारे सीईओ के साथ इतने बड़े लेवल पर भारत-यूरोपीय यूनियन बिजनेस फोरम का आयोजित होना, ये सब उपलब्धियां विश्व की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियों के बीच हो रहे अभूतपूर्व एलाइनमेंट का प्रतीक हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे साझा मूल्य हैं। वैश्विक स्थिरता के प्रति हमारी साझा प्राथमिकताएं हैं। ओपन सोसाइटी के रूप में हमारे लोगों के बीच स्वाभाविक जुड़ाव भी है। इसी मजबूत आधार पर हम अपनी साझेदारी को नई ऊंचाई दे रहे हैं। हम इसे विश्व की सबसे प्रभावशाली साझेदारियों में से स्थापित कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में हमारा व्यापार दोगुना होकर 180 बिलियन यूरो तक पहुंच गया है। भारत में 6,000 से अधिक यूरोपीय कंपनियां काम कर रही हैं। भारत की 1,500 कंपनियां ईयू में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा, 'आज ग्लोबल बिजनेस में उथल-पुथल है। हर कंपनी अपनी मार्केट स्ट्रेटजी और पार्टनरशिप को नए सिरे से देख रही है। ऐसे समय में ये एफटीए बिजनेस जगत के लिए एक साफ और सकारात्मक संदेश है। मुझे विश्वास है कि आप सभी इस एफटीए के अवसरों का पूरा-पूरा लाभ उठाएंगे।

इंडिया-ईयू बिजनेस फोरम में प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह भारत और ईयू दोनों की कई प्राथमिकताओं से मेल खाता है। आपकी बिजनेस पार्टनरशिप को भी इससे फायदा हो सकता है। इस संदर्भ में मैं तीन प्राथमिकताओं के बारे में बात करूंगा। पहला- आज, व्यापार, टेक्नोलॉजी और जरूरी मिनरल्स को दुनिया भर में हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। हमें अपनी निर्भरता को कम करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। क्या हमारा बिजनेस समुदाय मिलकर ईवी, बैटरी, चिप्स और एपीआई में बाहरी निर्भरता को कम कर सकता है? क्या हम भरोसेमंद सप्लाई चेन का एक साझा विकल्प खड़ा कर सकते हैं?

उन्होंने आगे कहा कि दूसरा, भारत और ईयू दोनों ने डिफेंस इंडस्ट्री और नई टेक्नोलॉजी पर ध्यान दिया है।

### भारत-ईयू एफटीए साझा समृद्धि का नया ब्लूप्रिंट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) का ऐलान किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एफटीए केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि का नया ब्लूप्रिंट है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि इस एफटीए में ईयू के 27 देश शामिल हैं। साथ ही इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बताया। प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, यह ऐतिहासिक समझौता हमारे किसानों और हमारे छोटे उद्योगों के लिए यूरोपीय मार्केट तक पहुंच को आसान बनाएगा, मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा और हमारे सर्विसेज सेक्टर के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा। इसके अलावा, यह एफटीए भारत और यूरोपीय संघ के बीच निवेश को बढ़ावा देगा, नए नवाचार साझेदारियों को प्रोत्साहित करेगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा। यह समझौता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह साझा समृद्धि का खाका प्रस्तुत करता है।

## घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान : योगी

» **गोरखपुर, यूटर्न/ 27 जनवरी।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों की बात ध्यान से सुनी, उनके प्रार्थना पत्र को पढ़ा। फिर आत्मीयता से बोले, 'घबराइए मत, समस्या का समाधान कराया जाएगा।'

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण कराएं।

मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद चलकर पहुंचे। अपनेपन के भाव में 'कहां से आए हैं, क्या बात है', कहते हुए एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। भरोसा दिया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

हर बार की तरह जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी, सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी।

### गंगोत्री धाम में गैर हिदुओं के प्रवेश पर बैन, मदनी ने फैसले को अंसवैधानिक बताया



**सहारनपुर, यूटर्न/ 27 जनवरी।** । उत्तराखंड में गंगोत्री धाम में गैर हिदुओं के प्रवेश पर बैन लगा दिया गया है। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में भी इस दिशा में कदम उठाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। इस पूरे मामले पर जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस फैसले को अंसवैधानिक करार दिया है। मदनी ने कहा कि उन्हें लगता है कि देश उनका है और वे जनता को किसी भी दिशा में ले जा सकते हैं, लेकिन समय बदल गया है। यह अच्छी बात है कि लोग प्यार और भाईचारे से रहें और जमीयत उलेमा-ए-हिंद यही सिखाता है।

## यूसीसी की घोषणा से लेकर प्रभावी क्रियान्वयन तक गौरव की अनुभूतिः सीएम धामी

» **देहरादून, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हिमालयन कल्चरल सेंटर गढ़ी कैंट में आयोजित प्रथम 'समान नागरिक संहिता दिवस' को संबोधित किया।

इस मौके पर उन्होंने समान नागरिक संहिता को तैयार करने वाली कमेटी के सदस्यों, कुशल क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और पंजीकरण में योगदान देने वाले वीएलसी को भी सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यूसीसी पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उत्तराखंड राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। इसी दिन राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हुई है, जिससे समाज में सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की स्थापना सुनिश्चित हो सकी। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और परंपरा सदैव समरसता और समानता की संवाहक रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी गीता में 'समोहम सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योस्ति न प्रियः' का उपदेश दिया है, जिसका अर्थ है कि मैं



सभी प्राणियों के प्रति समान भाव रखता हूं, न किसी का शत्रु हूं और न ही किसी के प्रति पक्षपात करता हूं। सनातन संस्कृति की यही महानता है, जिसने सदियों से दुनिया को समानता, न्याय और मानवता का मार्ग दिखाया है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सहित सभी संविधान निमार्ताओं ने 'समान नागरिक संहिता' को संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में सम्मिलित किया था।

उनका मत था कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उन्होंने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व, अपने दृष्टिपत्र में राज्य में 'समान नागरिक संहिता' को लागू करने का संकल्प लिया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली पुलिस ने कुख्यात स्नैचर को किया गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की नंद नगरी पुलिस ने एक कुख्यात स्नैचर को रंगे हाथों पकड़ा है और उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। दिल्ली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना सोमवार को गणतंत्र दिवस के दिन शाम लगभग 7:20 बजे की है। हेड कांस्टेबल गौरव शर्मा और कांस्टेबल पंकज नंद नगरी के ठेका मार्केट स्थित सीएनजी पंप के पास गश्त कर रहे थे, तभी उन्होंने एक व्यक्ति को जिला पार्क की ओर से भागते देखा। कुछ लोग उस व्यक्ति का पीछा कर रहे थे और 'चोर-चोर' चिल्ला रहे थे। हेड कांस्टेबल गौरव ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपने साथी कांस्टेबल की सहायता से उस व्यक्ति को पकड़ लिया।



इसी बीच, मंडोली निवासी प्रिंस नाम का एक युवक पुलिस के पास पहुंचा और बताया कि जब वह बैंक कॉलोनी बस स्टैंड के पास भोपुरा बॉर्डर से ऑटो रिक्शा में यात्रा कर रहा था, तभी अचानक एक व्यक्ति उसके पास आया और उसने उसका मोबाइल फोन छीन लिया। आरोपी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। प्रिंस ने आरोपी से बरामद फोन की पहचान अपने मोबाइल फोन के रूप में की है।

इस क्रम में, पुलिस स्टेशन नंद नगरी में आरोपी के खिलाफ धारा 304(2)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान मुकुल के रूप में हुई है, जो पहले भी डकैती, हत्या के प्रयास और चोरी से संबंधित सात मामलों में संलिप्त पाया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रेप के दो मामलों में फरार चल रहे आरोपी करण डोलतानी (33) को गिरफ्तार किया है। करण मटियाला एक्सटेंशन का रहने वाला है। बिंदापुर पुलिस स्टेशन में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी।

पुलिस के मुताबिक, पहला मामला वर्ष 2016 का है। उस समय आरोपी ने अपने घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका की बेटी से रेप किया था। इस घटना के बाद बिंदापुर थाने में प्राथमिकी धारा 376 आईपीसी के तहत दर्ज हुई। अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई। बाद में उसकी पत्नी की मेडिकल स्थिति के आधार पर उसे 28 दिनों के लिए अंतरिम जमानत मिली। जमानत की अवधि खत्म होने के बाद उसने सरेंडर नहीं किया और फरार हो गया। दूसरा मामला वर्ष 2022 का है। आरोपी ने अपनी पत्नी की सहेली से दुष्कर्म किया, जिसमें अपहरण जैसी हरकतें भी शामिल थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### हिमाचल को केंद्रीय परिवहन मंत्रालय से मिली बड़ी सौगात, 200 करोड़ किये गये स्वीकृत

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को यहां केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राज्य में सड़क सुदृढ़ीकरण के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से सड़कों और पुलों की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना कोष (सीआरआईएफ) के अंतर्गत छैला-नेरीपुल-यशवंत नगर-ओच्छघाट सड़क के लिए सैद्धांतिक रूप से 200 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी, जिससे प्रदेश के सेब उत्पादकों को व्यापक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने शिमला से शालाघाट और भगेड़ से हमीरपुर तक अधिक से अधिक संख्या में सुरंगों के निर्माण का अनुरोध किया।

### देवी-देवताओं पर टिप्पणी को लेकर विवाद

**हापुड़, यूटर्न/ 27 जनवरी।** हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में दबंगों ने मां बेटे का गांव में जुलूस निकालने का वीडियो वायरल हो गया है। जानकारी के मुताबिक अनुसूचित जाति का युवक देवी-देवताओं पर टिप्पणी कर रहा था। इसी बात से नाराज जाट समाज के युवकों ने राम मंदिर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ पर गांव के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। इस बात से नाराज अनुसूचित जाति के लोगों ने मां-बेटे को पंचायत में बुलाया और वहां से पूरे गांव में हाथ जोड़कर जुलूस के रूप में घुमाया। दबंग लोगों का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसके बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया है।

# सरकार ने कहा जाति जनगणना पर फैलाया जा रहा है भ्रम



» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि कुछ लोग जाति जनगणना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं लेकिन सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि जनगणना का काम हर वर्ष की तरह दो चरणों में होगा और जाति की गणना दूसरे चरण में की जायेगी। जनगणना के दौरान जाति की गणना को लेकर उठाये जा रहे सवालों के बीच मंत्रालय ने कहा है कि जनगणना-2027 की पूरी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पिछले वर्ष 12 दिसंबर को दी जा चुकी है फिर भी कुछ लोग जानबूझकर जनगणना और विशेषकर जाति गणना को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है कि जनगणना-2027 दो चरणों में होगी, जिसमें जाति की गणना दूसरे चरण में की जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि जनगणना पिछली जनगणनाओं की तरह दो चरणों में की जा रही है। पहला चरण जिसे 'हाउसलिस्टिंग' और मकानों की गणना के नाम से जाना जाता है और दूसरा चरण जिसे जनसंख्या की गणना के नाम से जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस , समाजवादी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने सरकार द्वारा पहले चरण की जनगणना के लिए जारी प्रश्नावली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इसमें जाति से जुड़ा कॉलम ही नहीं है।

# सर्दी से स्वतंत्रता सेनानी और बुजुर्ग समेत कानपुर देहात में अब तक 34 की मौत

» **सुनील बाजपेई**



**कानपुर, यूटर्न/ 27 जनवरी।** लगातार जारी प्रचंड सर्दी का प्रकोप स्वांस के मरीजों, किसानों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए जान घातक साबित हो रहा है ,भीषण सर्दी के इस क्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और एक बुजुर्ग की भी मौत हो गई। कुल मिलाकर सर्दी से कानपुर देहात में अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी का शव पोस्टमार्टम के लिए भी भेजा गया है।

घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीने में अचानक तेज दर्द से शिवली कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर में रहने वाले सेनानी पुत्र के अलावा रसूलाबाद थाना क्षेत्र के उसरी गंव में रहने वाले एक बजुर्ग ने दम तोड़ दिया। मौत की इन दोनों घटनाओं को मिलाकर कानपुर देहात जिले में सर्दी लगने व सीने में दर्द से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है।

पुलिस ने बताया कि रसूलाबाद थाना क्षेत्र के उसरी गांव के रहने वाले वेद प्रकाश गौतम के सीने में अचानक तेज दर्द होने से उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उनको गंभीर हालत में सीएचसी रसूलाबाद ले गए। वहां मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर रसूलाबाद सतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक छानबीन मे हार्ट अटैक से घटना होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी।

इसी तरह से शिवली कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर गांव में गांधी चबूतरे पर आयोजित गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित सामारोह में अपने संबोधन के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पिता स्व. गोकुल प्रसाद चौरसिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते समय उनके पुत्र रामसेवक चौरसिया अचानक गश खाकर गिर गए। परिजन उनको गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। शव वापस आते ही उनके घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम राज कुमार पांडेयव चौकी प्रभारी मैथ नरेंद्र सिंह ने उनको पुष्पांजलि दी। इसक बाद परिजनों ने बिठूर में उनके शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# बार काउंसिल ऑफ इंडिया से सीजेआई ने पूछा, रिटायर्ड न्यायाधीशों को मानदेय और यात्रा भत्ता क्यों नहीं दे रहे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

सुप्रीम कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया से सवाल किया कि वह राज्य बार काउंसिल चुनावों के संचालन की निगरानी करने वाली उच्च स्तरीय चुनाव समितियों के सदस्य हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीशों को पर्याप्त मानदेय और यात्रा भत्ता क्यों नहीं दे रही है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने उच्च स्तरीय चुनाव पर्यवेक्षण समिति के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरि द्वारा मौखिक रूप से उल्लेख करने पर मामले पर सुनवाई हुई। रिपोर्ट के अनुसार, वकील गिरि ने निवेदन किया कि मानदेय चुनाव समिति के सदस्यों के पद के अनुरूप होना चाहिए, जो पूर्व में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या न्यायाधीश रह चुके हैं। सुनवाई में गिरी ने कहा कि, जब यह सुझाव बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को दिया गया, तब जवाब मिला कि यह बहुत अधिक है और उनके लिए ऐसा करना संभव नहीं होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने खास परिस्थितियों में विशेष शक्तियों का इस्तेमाल कर, विधवा का बकाया लोन कम किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल कर एक विधवा का बकाया लोन कम किया है। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने इसके लिए संविधान से सुप्रीम कोर्ट को मिले आर्टिकल 142 वाली विशेष शक्ति का प्रयोग किया है। लोन महिला के पति ने लिया था, जिसकी कोरोना में मौत हो गई। पति के निधन के बाद महिला उसका बकाया लोन चुकाने के लिए, तैयार थी, लेकिन डेडलाइन निकलने की वजह से बैंक देनदारी बहुत ज्यादा बढ़ गई थी।



रिपोर्ट के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की अदालत ने एक विधवा महिला की असामान्य और दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों को देखकर अपनी विशेष शक्तियों का उपयोग कर बहुत बड़ी राहत दी है।

दरअसल, महिला के पति ने 50 लाख रुपये का लोन ले रखा था, जिसके बदले में एक आवासीय घर गिरवी था। 2021 में महामारी के दौरान उसकी मौत हो गई। जीवित रहने तक वह सभी इंस्टॉलमेंट समय पर दे रहा था। उसके निधन के बाद, बकाया रकम गिरवी रखे मकान से वसूला जाना था। लेकिन, बैंक ने महिला को 34,69,000 रुपये के वन टाइम सेटेलमेंट का ऑफर दिया। महिला ने इस एवज में 3,46,900 रुपये की शुरूआती रकम चुका दी थी, लेकिन 6 महीने के अंदर बाकी रकम नहीं दे सकी।

असमर्थता की स्थिति में विधवा ने बैंक से एक बार और मौका मांगा।

# जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी से करीब 50 उड़ाने रद्द, हाईवे समेत कई सड़के बंद

**श्रीनगर, यूटर्न/ 27 जनवरी।** जम्मू-कश्मीर में फिर भारी बर्फबारी शुरू हो गई है। कश्मीर के कुपवाड़ा और पुलवामा समेत घाटी के अन्य इलाकों में स्नोफॉल का क्रम जारी है। भारी बर्फबारी के बीच सड़कें भी ब्लॉक कर दी गई। वहीं, श्रीनगर एयरपोर्ट से भी उड़ानें रद कर दी गई हैं। इस बाबत अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर में बर्फबारी से मंगलवार को श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली कई उड़ानें रद कर दी गईं हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि खराब मौसम और श्रीनगर एयरपोर्ट पर लगातार बर्फबारी के कारण एयरलाइंस ने आज कुछ उड़ानें रद्द कर दी हैं। अब तक कुल 50 उड़ानें 25 आने वाली और 25 जाने वाली, रद की जा चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उड़ानों के रद्द होने से सैकड़ों पर्यटक कश्मीर में फंस गए हैं, जो वीकेंड और गणतंत्र दिवस की छुट्टी बिताने के बाद घाटी से लौटने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि नवयुग टनल और उसके आसपास ताजा बर्फबारी के कारण मंगलवार को रणनीतिक जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे ट्रैफिक के लिए बंद रहा। एक सीनियर ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अगले आदेश तक जम्मू से श्रीनगर या श्रीनगर से जम्मू की ओर किसी भी गाड़ी को जाने की इजाजत नहीं होगी। अधिकारी ने बताया एनएच-44 के अलावा, खराब मौसम और फिसलन भरी स्थितियों के कारण मुगल रोड, एसएसजी रोड और सिंथन रोड भी ट्रैफिक के लिए बंद हैं।

# चंडीगढ़ नगर निगम के गणतंत्र दिवस समारोह में नीतिश कुमार हुए सम्मानित

» **हरियाणा, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा आयोजित भव्य गणतंत्र दिवस समारोह में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नीतिश कुमार को सम्मानित किया गया। नगर निगम की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने उन्हें सम्मान पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। यह सम्मान नीतिश कुमार को उनके द्वारा किए जा रहे छोटे-छोटे लेकिन निरंतर सामाजिक कार्यों के लिए दिया गया। इस अवसर पर नीतिश कुमार पारंपरिक मैथिली परिधान–धोती, कुर्ता, गमछा एवं पाग–में उपस्थित हुए, जिससे वे समारोह में सभी के आकर्षण का केंद्र बने। अपने विशिष्ट परिधान के बारे में उन्होंने बताया कि उनकी जन्मभूमि बिहार के मिथिला क्षेत्र में है और वे अपनी सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर मैथिल परिधान धारण कर पहुंचे हैं। उनका यह संदेश युवाओं के लिए अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। सम्मान प्राप्त करने के बाद नीतिश कुमार ने कहा कि यह सम्मान वे अपने सभी शुभचिंतकों, मार्गदर्शकों और सहयोगियों को समर्पित करते हैं, जिनके सहयोग और प्रोत्साहन से वे समाज सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लिए किए गए छोटे प्रयास भी यदि ईमानदारी से किए जाएं तो उनका प्रभाव बड़ा होता है।



# हांसी में प्रथम जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा





» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 27 जनवरी। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में हांसी जिले का प्रथम जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इसमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। इससे पहले उन्होंने शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जिला वासियों को 77 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन 76 साल पहले हमारे देश में गणतंत्र का नया सूर्य उदय हुआ था और हमें दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के नागरिक होने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 से लगभग अढ़ाई साल पहले हमने गुलामी की बेड़ियों को काटकर स्वतंत्रता की हवा में सांस ली थी इसीलिए गणतंत्र दिवस से आजादी के आंदोलन की अनेक अनेक यादें जुड़ी हुई है। उन्होंने देश की आजादी के लिए मर मिटने वाले अमर जवानों, वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विगत 16 दिसंबर 2025 को हांसी में आयोजित विकास रैली में हांसी को जिला बनाने की घोषणा की थी। उस घोषणा के बाद हांसी हरियाणा प्रदेश के 23 में जिले के रूप में अस्तित्व में आया है। हांसी के लोग वर्षों से जिला बनाने की मांग कर रहे थे इसी के साथ उनकी मांग पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि नए बने 23 में जिले हांसी में ध्वजारोहण करते हुए मुझे बड़े गौरव का अनुभव हो रहा है मुझे खुशी है कि जिला बनने के बाद इस पहले गणतंत्र दिवस समारोह पर मुझे आप सभी लोगों के बीच आने का अवसर मिला। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हांसी का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है। यह वीरों की भूमि है और कभी हिंदुस्तान की दहलीज के रूप में विख्यात हांसी में सन 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई महान लोगों ने बलिदान दिए थे। उन्होंने कहा कि सन 1857 में हांसी के लाला हुकम चंद तथा मिर्जा मुनीर बेग को अंग्रेज शासको ने फांसी के फंदे पर उनके मकान के सामने लटका दिया था उनकी यातनाएं नहीं यही नहीं रुकी थी धर्म पर चोट करने के लिए अंग्रेजों ने लाल हुकुमचंद को दफनाया और मिर्जा मुनीर बेग को जला दिया था। यहां की लाल सड़क अंग्रेजों के नरसंहार की आज भी साक्षी है। अंग्रेजों ने यहां आजादी के अनेक मतवालों को गिरडी फेर कर को कुचलवाया था। उन्होंने कहा कि हांसी का गौरवशाली इतिहास रहा है यह नगर कभी आसी और असीगढ़ के नाम से प्रसिद्ध था। सम्राट हर्षवर्धन के समय हांसी सतलज प्रांत की राजधानी थी। सन 1838 तक इसे हिंदुस्तान की दहलीज भी कहा जाने लगा था।

मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि देश तथा हरियाणा प्रदेश तेजी से उन्नति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल नेटवर्क के मामले में हमारा देश फिलहाल तीसरी स्थान पर है। प्रथम स्थान पर चीन तथा दूसरे स्थान पर अमेरिका है। उन्होंने कहा कि आने वाली 2 वर्षों में मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार के मामले में भारत अमेरिका से भी आगे निकल जाएगा।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि भारत दुनिया का मेडिकल हब बने ताकि हर बीमार व्यक्ति को घर द्वार के आसपास ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हरियाणा प्रदेश के हर जिला में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। अन्य जिलों की तर्ज पर ही नवगठित हांसी जिले में भी मेडिकल कॉलेज बनेगा। इस समय प्रदेश में 17 मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं तथा तीन निर्माण अधीन है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र तथा हरियाणा सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर पात्र महिला को 2100 रुपए की राशि प्रति माह के हिसाब से उपलब्ध करवाई जा रही है।



## शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुए अमर शहीदों को किया नमन

**हरियाणा, यूटर्न/ 27 जनवरी।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने लघु सचिवालय के नजदीक स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर पुष्प अर्पित करते हुए अमर शहीदों को नमन किया। इस दौरान उनके साथ हिसार के उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन की तरफ से किया गया था। इस दौरान शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने रिटायर्ड सैनिकों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदानों के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं और वे देश के लिए शहीद होने वाले वीरों को नमन करते हैं। इस मौके पर उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के रिटायर्ड सैनिक सुभाष कुंडू, जयराम जाखड़, सुरेंद्र सिवाच, अशोक मलिक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## एसवाईएल पर हुई बैठक, सीएम मान और सैनी हुए शामिल

» चंडीगढ़ , यूटर्न/ 27 जनवरी।

सतलुज-यमुना नहर परियोजना (एसवाईएल) के लंबे समय से लंबित मुद्दे पर चर्चा के लिए पंजाब और हरियाणा की संयुक्त बैठक मंगलवार को चंडीगढ़ में हुई। बैठक सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार आयोजित की गई, इसमें दोनों राज्यों को बातचीत के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास करने को कहा गया था। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बैठक में शामिल हुए। हरियाणा की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी और पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल भी कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। एसवाईएल मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री मान से हुई मुलाकात पर हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि आज सकारात्मक माहौल में सार्थक बातचीत हुई। हम लोगों ने फैसला किया हैं कि दोनों राज्यों के अधिकारियों के स्तर पर बातचीत को आगे बढ़ाया जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कहा कि बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई।

## मनरेगा पर मोदी सरकार के हमलों के खिलाफ कांग्रेस का जनआंदोलन, गांव-गांव पहुंची आवाज : बृजलाल बहबलपुरिया

» हरियाणा, यूटर्न/ 27 जनवरी।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी हिसार (ग्रामीण) द्वारा मनरेगा से जुड़े मुद्दों को लेकर विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी कार्यक्रमों की अगुवाई जिला कांग्रेस कमेटी हिसार (ग्रामीण) के अध्यक्ष माननीय श्री बृजलाल बहबलपुरिया जी ने की। 27 जनवरी 2026 (मंगलवार) को जिला हिसार (ग्रामीण) के अंतर्गत गांव गंगवा, सरसाना ,न्योली कला, डंढूर, झिड़ी और पातन में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा मजदूरों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा केंद्र सरकार की मनरेगा विरोधी नीतियों के खिलाफ जनजागरण किया गया। इस अवसर पर बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि मोदी सरकार लगातार मनरेगा जैसी गरीबों की जीवनरेखा योजना को कमजोर कर रही है। पहले जहां 100 दिन काम की कानूनी गारंटी थी, वहीं आज मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी दोनों नहीं मिल रही है। मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार ने बजट में कटौती कर इसे लगभग खत्म करने का रास्ता अपना लिया है। पंचायतों



के अधिकार छीने जा रहे हैं और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर समाप्त किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों के दौरान ग्राम सभाओं के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर यह मांग रखी गई कि मनरेगा में 100 दिन से अधिक काम की गारंटी दी जाए। मजदूरी की दर बढ़ाकर न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन की जाए। समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पंचायतों को पूर्ण अधिकार दिए जाएं। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए गांव-गांव संघर्ष जारी रखेगी और जरूरत पड़ी तो सड़क से संसद तक आंदोलन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में एचपीसीसी सदस्य एवं पूर्व बरवाला प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह गंगवा, जिला अध्यक्ष महिला संतोष जून, वरिष्ठ नेत्री कृष्णा दुग्गल, महिला ांचायत प्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

## ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस की धूमः राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा प्रांगण

» हरियाणा, यूटर्न/ 27 जनवरी।

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस भव्य समारोह में शिक्षाविदों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस खास अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ.



पुनीत गोयल एवं प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने विशेष संदेश के माध्यम से सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर जोर दिया और कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ध्वजारोहण रहा, जो विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक एवं ओ.एस.जी.यू. परिवार द्वारा संपन्न किया गया। तिरंगा फहराने के बाद राष्ट्रगान की गूँज ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। अपने संबोधन में कुलपति डॉ. कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और उन्हें संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना में 33 वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुई संपन्न



» हरियाणा, यूटर्न/ 27 जनवरी।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना मंडी में 26 जनवरी 2026 को 33वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुई। 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर सतीश भारती ने ध्वजारोहण किया व विद्यालय के एनसीसी विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलकर मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। भारती जी ने कहा गणतंत्र दिवस के इस पावन 'पर्व' पर हम सभी देश के वीर शहीदों को भी याद करते हैं उनकी याद में देशभक्ति गीतों को भी गुनगुनाते हैं दूसरा आज का दिन यह इसलिए भी विशेष है कि आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ हमारे अपने कानून बने इसलिए यह दिन महत्वपूर्ण हो जाता है !आज की

इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़ी उत्कृष्टता से खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के कोच अनिल सर, पीटीआई कैलाश सर ने बड़ी ही कुशलता से एवं व्यवस्थित तरीके से इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर सतीश भारती जी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया एवं बताया कि खेल हमारे जीवन की आधारशिला होते हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल डा.भुवनेश भारद्वाज ने भी विद्यार्थियों को खेलों के महत्त्व के बारे में बताते हुए उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य ने खेल प्रतियोगिता शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखाई। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालय के चारों सदनों में कई प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। 26 जनवरी को इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट का



आरम्भ योगा के साथ व प्रतिभागियों को विधिवत रूप से शपथ दिलवाकर किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्लेयर्स ने मैदान में प्रतिद्वन्द्वी को परास्त करने की जद्दोजहद करते हुए डिफरेंट कैटेगरी के मुकाबलों में टीम स्पिरिट के साथ ही अपने अन्दर छिपी खेल प्रतिभा को खुलकर अभिव्यक्त किया। बड़ी संख्या में बच्चों का विभिन्न खेलों में भाग लेना उनकी खेलों के प्रति रूचि को जाहिर कर रहा था।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर रेस,200 मीटर रेस,400मीटर रेस, 800 मीटर रेस व 1600 मीटर रेस के साथ रिले रेस,शॉट पुट, कई प्रकार की फन रेस आदि अन्य अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल के मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा का संचार देखने को मिला। यहाँ खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही सुबह से स्टूडेन्ट्स की हलचल खेल के मैदान पर दिखने लगी और जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, उनका उत्साह और जोश भी दोगुना होता गया। इसके पश्चात शेष प्रतियोगिताएँ संपन्न की गईं।

# दिल्ली में उत्तराखंड कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक, खड़गे-राहुल गांधी की अध्यक्षता में चुनावी रणनीति पर फोकस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

कांग्रेस पार्टी ने राज्य-वार समीक्षा बैठकों की श्रृंखला में उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक मंगलवार को दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता रही। उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने भी इसमें भाग लिया।

केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में, हमारी राज्य-वार समीक्षा बैठकों की कड़ी में, उत्तराखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ एक बैठक की। कुमारी शैलजा ने भी लिखा, 'कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अध्यक्षता में उत्तराखंड



कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुई।

उत्तराखंड कांग्रेस के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल ने बैठक में शामिल नेताओं की सूची साझा की। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) सदस्य गुरदीप सप्पल, संचालन समिति अध्यक्ष प्रीतम सिंह, चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, पूर्व अध्यक्ष करण महारा और राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन शामिल थे। बैठक में उत्तराखंड से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा हुई और आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। यह बैठक आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां पार्टी संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति पर फोकस कर रही है। बैठक के दौरान विभिन्न संगठनात्मक विषयों, प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और जन-मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई। कांग्रेस हाईकमान ने उत्तराखंड के नेताओं से फीडबैक लिया और राज्य के पारिस्थितिकीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गणतंत्र दिवस समारोह में राहुल गांधी को तीसरी पंक्ति में बैठाए जाने पर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने सरकार पर संविधान, कांग्रेस और विपक्ष का अपमान करने का आरोप लगाया और जवाब की मांग की।

## गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को जानबूझकर अपमानित किया गया : खरगे

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, लोकसभा तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया है। श्री खरगे ने कांग्रेस के सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मंगलवार को लिखा कि सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है। ऐसा क्यों किया गया इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान का अपमान करने वाले लोग, विपक्ष के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाते हैं। ये सरासर गलत है, जानबूझकर विपक्ष और कांग्रेस का अपमान किया जा रहा है।

श्री खरगे ने कहा 'मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं। मेरे और राहुल गांधी जी के पास कैबिनेट रैंक है लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे इतना ही नहीं, हमने अपने सचिवों को भेजकर जगह तलाश की और उनके जरिए पास का इंतजाम किया। श्री गांधी पर राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम संबंधी विवाद पर उन्होंने



कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्वागत के दौरान श्री गांधी ने पारंपरिक उत्तर-पूर्वी पटका पहन लिया था, वहीं जब हम खाने के लिए बैठे तो उन्होंने पटका मोड़कर रख लिया। असलियत में भाजपा ये सिर्फ चुनाव के लिए कर रही है। भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और श्री गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है। उसके सारे आरोप गलत हैं।

उन्होंने कहा 'राहुल गांधी ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली, वहीं श्री मोदी मणिपुर जाने से भी डरते रहे। ऐसे में भाजपा के लोगों को श्री गांधी और कांग्रेस पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है। मैं इसकी निंदा करता हूं। भाजपा सिर्फ फिजूल का मुद्दा बना रही है।

## सगाई के दौरान गली में वाहन खड़े करने को लेकर विवाद, कई में तोड़फोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**



ग्रेटर नोएडा के जेवर कस्बे में 26 जनवरी को एक सगाई समारोह के दौरान उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब गली में वाहन खड़े करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया।

यह घटना थाना जेवर क्षेत्र के मोहल्ला सल्लियान की है, जहां कुंवरपाल के पुत्र की सगाई की रस्म का आयोजन चल रहा था। समारोह में शामिल होने आए मेहमानों ने गली और सड़क पर वाहन खड़े किए थे, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया। इसी दौरान मोहल्ला सल्लियान निवासी नितिन और शिवकुमार ने गली में खड़े वाहनों को हटाने के लिए कहा।

आरोप है कि जब वाहन नहीं हटाए गए तो इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते गाली-गलौच शुरू हो गई। जब समारोह पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया तो विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि झगड़े के दौरान नितिन, शिवकुमार और उनके साथ मौजूद अन्य लोगों ने मौके पर खड़े कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर थाना जेवर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर थाना जेवर में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी नितिन और शिवकुमार उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि घटना को लेकर लगाए गए अन्य आरोपों की जांच की गई, जो प्रथम दृष्टया असत्य और निराधार पाए गए हैं। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी पारिवारिक या सामाजिक कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखें और विवाद की स्थिति में पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते हालात को संभाला जा सके।

## बस्तर में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, विस्फोटक बरामद

**रायपुर, यूटर्न/ 27 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर इलाके में नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के बारसूर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में गुफा गांव के पास जंगल की पहाड़ियों में माओवादियों द्वारा लगाए गए दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद कर उन्हें निष्क्रिय कर दिया। यह जॉइंट ऑपरेशन मंगलवार को सटीक इंटेलिजेंस इनपुट के बाद हुआ। सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स से 22 जनवरी को मिली जानकारी पर कार्रवाई करते हुए सुबह-सुबह एक कोऑर्डिनेटेड सर्च और डी-माइनिंग मिशन शुरू किया गया। यह ऑपरेशन मंगलवार सुबह शुरू हुआ और इसमें सीआरपीएफ, बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड और बारसूर पुलिस स्टेशन के अधिकारी शामिल थे। गुफा गांव के आसपास घने जंगल वाले इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान टीमों को माओवादियों द्वारा छिपाए गए विस्फोटक मिले। बरामद चीजों में एक डेटोनेटर लगा हुआ डायरेक्शनल पाइप बम था, जिसका वजन लगभग 5 किलोग्राम था, और एक प्रेशर कुकर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस था, जिसका वजन लगभग 5 किलोग्राम था, जो 15 मीटर तार से जुड़ा हुआ था।

## दुनियाभर में 2040 तक प्लास्टिक के चलते स्वास्थ्य जोखिम दोगुने होने की संभावना : स्टडी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

अगर मौजूदा तरीकों में बदलाव से जुड़े ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण खतरनाक हो जाएंगे। वहीं, साल 2040 तक प्लास्टिक सेहत के लिए दोगुना खतरा पैदा कर सकता है।

द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च में बताया गया है कि प्लास्टिक के पूरे जीवनचक्र के हर चरण में सेहत को नुकसान होता है। यह नुकसान फॉसिल फ्यूल निकालने से शुरू होता है, जो 90 प्रतिशत से ज्यादा प्लास्टिक बनाने का कच्चा माल हैं। इसके बाद उत्पादन, इस्तेमाल और अंत में उसका निपटान या पर्यावरण में छोड़ा जाना हर चरण में जहरीले तत्व निकलते हैं, जो इंसानों और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक हैं।

इस स्टडी में 2016 से 2040 के बीच प्लास्टिक की खपत और कचरा प्रबंधन से जुड़े कई संभावित भविष्य के हालात का वैश्विक



मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की तुलना की गई है।

अगर सब कुछ ऐसे ही चलता रहा, तो 2040 तक प्लास्टिक से होने वाले स्वास्थ्य पर बुरे प्रभाव दोगुने हो सकते हैं। इसमें ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन और उससे बढ़ते वैश्विक तापमान का स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नुकसान में लगभग 40 प्रतिशत योगदान होगा।

हवा में प्रदूषण, जो ज्यादातर प्लास्टिक बनाने की प्रक्रियाओं से होता है, इसका हिस्सा 32 प्रतिशत होगा। वहीं, प्लास्टिक के पूरे जीवनचक्र में पर्यावरण में छोड़े जाने वाले जहरीले रसायनों का प्रभाव 27 प्रतिशत होगा।

रिसर्चरों ने बताया कि बाकी स्वास्थ्य नुकसान (1 प्रतिशत से कम) पानी की कमी, ओजोन परत पर असर और आयनाइजिंग रेडिएशन बढ़ने से जुड़े हैं।

लंदन स्कूल की मेगन डीनी ने कहा कि उनके अध्ययन में पाया गया है कि प्लास्टिक के पूरे जीवनचक्र के दौरान होने वाले उत्सर्जन ग्लोबल वार्मिंग, हवा के प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों से इंसानों की सेहत पर बुरा असर डालते हैं। इसमें कैंसर और गैर-संचारी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। सबसे ज्यादा नुकसान प्लास्टिक के निर्माण और खुले में जलाने से होता है।

स्टडी में पाया गया कि अगर प्लास्टिक सिस्टम में पॉलिसी, आर्थिक स्थिति, इंफ्रास्ट्रक्चर, सामग्री या उपभोक्ता व्यवहार में कोई बदलाव नहीं होता है, तो सालाना स्वास्थ्य पर असर दोगुना से भी ज्यादा बढ़ सकता है। 2016 में इसका नुकसान 2.1 मिलियन स्वस्थ जीवन वर्ष था, जो 2040 तक बढ़कर 4.5 मिलियन स्वस्थ जीवन वर्ष तक पहुंच सकता है।

कुल मिलाकर, स्टडी के अनुसार 2016 से 2040 के बीच ग्लोबल प्लास्टिक सिस्टम के कारण लोगों की 83 मिलियन साल की स्वस्थ जीवन अवधि कम हो सकती है।

स्टडी में यह भी बताया गया कि केवल प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करने और रीसाइक्लिंग में सुधार करने से बहुत बड़ा असर नहीं होगा। लेकिन, कचरा इकट्ठा करने और रीसाइक्लिंग के साथ-साथ सामग्री बदलने या दोबारा इस्तेमाल करने से प्लास्टिक से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान में कमी देखी गई।

टीम ने कहा कि प्लास्टिक उत्सर्जन और इसके स्वास्थ्य पर असर को कम करने के लिए, नीति बनाने वालों को नए प्लास्टिक के उत्पादन को बेहतर तरीके से नियंत्रित करना चाहिए और गैर-जरूरी इस्तेमाल को काफी कम करना चाहिए।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# तीसरी तिमाही में एशियन पेंट्स का मुनाफा करीब 5 प्रतिशत घटा, शेयरों में 4 प्रतिशत की आई गिरावट

» मुंबई, यूटर्न/ 27 जनवरी।

देश की प्रमुख पेंट बनाने वाली कंपनी एशियन पेंट्स ने मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी का कुल शुद्ध मुनाफा यानी नेट प्रॉफिट (पीएटी) लगभग 4.8 प्रतिशत घट गया है।

स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार, एशियन पेंट्स का नेट प्रॉफिट घटकर करीब 1,074 करोड़ रुपए रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह मुनाफा लगभग 1,128 करोड़ रुपए था।

कंपनी की परिचालन से होने वाली आय (रेवेन्यू) में इस तिमाही में करीब 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू बढ़कर 8,867.02 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 8,549.44 करोड़ रुपए था। इसका मतलब यह है कि कंपनी की बिक्री तो बढ़ी, लेकिन कुछ खास खर्चों की वजह से मुनाफे में गिरावट आई।



कंपनी ने बताया कि इस तिमाही के नतीजों में 157.61 करोड़ रुपए के विशेष खर्च शामिल हैं। ये खर्च मुख्य रूप से श्रम कानून से जुड़े प्रावधानों और व्हाइट टीक (ऑब्जेनिक्स सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड) नाम की कंपनी के अधिग्रहण के बाद हुई नुकसान भरपाई से जुड़े हैं। कामकाज के स्तर पर एशियन पेंट्स का प्रदर्शन अच्छा रहा। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और विशेष खर्च से पहले का मुनाफा (पीबीडीआईटी) बढ़कर 1,781 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 1,636.7 करोड़ रुपए था।

# ऊर्जा परिवर्तन तभी सफल होगा, जब लगातार और संतुलित निवेश किया जाए : हरदीप सिंह पुरी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।

इंडिया एनर्जी वीक 2026' की मंगलवार को औपचारिक शुरूआत हुई, जिसमें निवेश, साझेदारी और ऊर्जा बदलाव को जमीन पर उतारने की जरूरत पर खास जोर दिया गया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि 'इंडिया एनर्जी वीक' बहुत तेजी से एक ऐसा वैश्विक मंच बन गया है, जो ऊर्जा से जुड़े संवाद को ठोस कार्रवाई में बदलने का काम कर रहा है। यह मंच नीति निर्माताओं, ऊर्जा उत्पादकों, उपभोक्ताओं, टेक्नोलॉजी कंपनियों और निवेशकों को एक साथ लाकर वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलावों का समाधान तलाशने में मदद कर रहा है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन तभी सफल होगा, जब उसमें लगातार और संतुलित निवेश किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊर्जा बदलाव का मतलब सिर्फ पुराने स्रोतों




को हटाना नहीं, बल्कि नए और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को जोड़ना है। इसके लिए तेल, गैस, बायोफ्यूल, ग्रीन हाइड्रोजन, एलएनजी और स्वच्छ ईंधन जैसे क्षेत्रों में निवेश बेहद जरूरी है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ऊर्जा सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और जलवायु न्याय की दिशा में हो रही प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने सुधार आधारित नीतियों के जरिए ऊर्जा की उपलब्धता, किफायती दरों और टिकाऊ व्यवस्था को मजबूत किया है। मंत्री ने बताया कि भारत ने बड़े तलछटी बेसिनों को अन्वेषण के लिए खोला है। इसके साथ ही ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) और डिस्कवर्ड स्मॉल फील्ड्स (डीएसएफ) के तहत लगातार बोली प्रक्रियाएं चलाई जा रही हैं। इन सुधारों का मकसद वैश्विक निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित करना है। पुरी ने कहा कि एलपीजी कवरेज का तेजी से विस्तार, स्वच्छ खाना पकाने की सुविधा और विविध ऊर्जा मिश्रण भारत की समावेशी विकास नीति को दर्शाते हैं। इससे देश के हर वर्ग तक सस्ती और सुरक्षित ऊर्जा पहुंच रही है।

इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उद्योग एवं उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री और एडीएनओसी के मैनेजिंग डायरेक्टर व ग्रुप सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा मांग एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, जिसमें उभरते बाजार, डिजिटल तकनीक और अलग-अलग ऊर्जा प्रणालियों का एकीकरण अहम भूमिका निभा रहा है। भारत इन वैश्विक रुझानों के केंद्र में है और आने वाले दशकों में ऊर्जा मांग को दिशा देने वाला देश बनेगा।

इसके साथ ही अल जाबेर ने चेतावनी दी कि वैश्विक ऊर्जा प्रणाली के सामने सबसे बड़ा खतरा निवेश की कमी है। उन्होंने सभी प्रकार की ऊर्जा में संतुलित निवेश की जरूरत बताई, ताकि ऊर्जा सुरक्षा, किफायत और स्थिरता बनी रहे। उन्होंने भारत-यूएई ऊर्जा साझेदारी की सराहना करते हुए कहा कि एडीएनओसी भारत को कच्चा तेल, एलएनजी और एलपीजी का भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता रहा है।

वहीं, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इंडिया एनर्जी वीक अब विचारों को कार्रवाई में बदलने वाला वैश्विक मंच बन चुका है।

# एफटीए से सूरत के टेक्सटाइल व्यापारियों में खुशी, पीएम मोदी का जताया आभार



» सूरत, यूटर्न/ 27 जनवरी।

भारत-यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पूरा हो गया है। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को लेकर सूरत के टेक्सटाइल कारोबारियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। देश के प्रमुख टेक्सटाइल हब सूरत में इस समझौते को उद्योग के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है।

कपड़ा व्यापारियों का कहना है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के कारण जो नुकसान उद्योग को झेलना पड़ रहा था, वह न सिर्फ इस ट्रेड डील से खत्म होगा, बल्कि नए व्यापारिक अवसर भी खुलेंगे। व्यापारियों के अनुसार, अब चीनी मशीनों की जगह यूरोपियन क्वालिटी की आधुनिक मशीनें आयात की जा सकेंगी, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता में भी बड़ा सुधार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए सूरत के कपड़ा कारोबारियों ने कहा कि यह समझौता टेक्सटाइल उद्योग के भविष्य को नई दिशा देगा।

फेडरेशन ऑफ टेक्सटाइल एंड ट्रेड एसोसिएशन के प्रमुख कैलाश हाकिम ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट सरकार की लगभग 18 वर्षों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। अमेरिका ने टैरिफ बढ़ाकर भारतीय कारोबारियों को भयभीत करने की कोशिश की थी और बांग्लादेश की स्थिति खराब होने से भी व्यापार पर कुछ असर पड़ा, लेकिन यूरोप हमेशा भारत के लिए एक बड़ी उम्मीद बना रहा।

कैलाश हाकिम ने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति भारत के खिलाफ ज्यादा असरदार साबित नहीं हो सकी, क्योंकि भारत सरकार की रणनीति ने उसे विफल कर दिया। यूरोप तकनीकी रूप से काफी मजबूत है और वहां उच्च गुणवत्ता की टेक्सटाइल मशीनें बनती हैं।

# पीएम ई-ड्राइव सब्सिडी मार्च 2026 के बाद भी रहे जारी : ई-दोपहिया कंपनियां

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।

भारत की इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियां सरकार से आग्रह कर रही हैं कि पीएम ई-ड्राइव स्कीम की सब्सिडी मार्च 2026 के बाद भी जारी रहे। कंपनियों का कहना है कि सब्सिडी ग्राहकों के लिए वाहन की कीमत कम करती है और अचानक बंद होने पर छोटे समय में मांग पर असर पड़ सकता है। जुपेरिया ऑटो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सब्सिडी हटने पर इलेक्ट्रिक स्कूटर की सड़क पर कीमत 6,000 से 12,000 रुपये तक बढ़ सकती है। ईवियम स्मार्ट मोबिलिटी के अधिकारी के अनुसार सब्सिडी का प्रभाव सभी ग्राहकों पर समान नहीं होता। रिटेल ग्राहक जल्दी खरीदारी में सब्सिडी पर निर्भर रहते हैं, जबकि



फ्लीट ऑपरेटर और लंबे रूट वाले ग्राहक कुल खर्च, अपटाइम और सर्विस को महत्व देते हैं। उनके अनुसार, बिना सब्सिडी भी बिक्री रुकती नहीं, केवल निर्णय में समय लगता है। कंपनियां यह भी मांग कर रही हैं कि वित्त वर्ष 26 के बाद स्पष्ट मीडियम-टर्म नीति हो, ताकि फैक्ट्रियां बढ़ाई जा सकें, डीलर नेटवर्क मजबूत हो और पार्ट्स देश में ही बनें।

# एमसीएक्स के तिमाही नतीजों से शेयरों में 6 फीसदी से अधिक तेजी

» मुंबई, यूटर्न/ 27 जनवरी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमसीएक्स) के तिमाही नतीजों ने निवेशकों को खुश कर दिया है। दिसंबर तिमाही 2025 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 401 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 160 करोड़ रुपये था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 151 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एमसीएक्स का दिसंबर तिमाही का रेवन्यू 666 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी तिमाही के 301 करोड़ रुपये से 121 प्रतिशत अधिक है। एबिटा भी इसी दौरान 527 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। ये आंकड़े कंपनी के ऑपरेशन्स की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। बीएसई में मंगलवार को एमसीएक्स के शेयर **2385.40 रुपये पर खुलने के बाद 2428.30 रुपये तक पहुंचकर 6.38 फीसदी की तेजी पर कारोबार कर रहे थे। यह कंपनी के 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 2498 रुपये के काफी करीब है। एमसीएक्स का शेयर लंबे समय से निवेशकों को अच्छा रिटर्न दे रहा है। पिछले 6 महीनों में शेयर में 48 फीसदी की तेजी, एक साल में 113 फीसदी, दो साल में 269 फीसदी और पिछले पांच साल में 620 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। इस प्रदर्शन के कारण इसे एक मल्टीबैगर स्टॉक के रूप में देखा जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंकों की हड़ताल: डिजिटल और एटीएम सेवाएं जारी रहेंगी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।** बैंक यूनियनों की तरफ से मंगलवार को पूरे दिन हड़ताल का ऐलान किया गया है। इस वजह से बैंक शाखाओं में कामकाज थोड़ी देर के लिए प्रभावित हो सकता है। कई कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल में शामिल रहेंगे, लेकिन बैंक और सरकार ने ग्राहकों की परेशानी कम करने के लिए तैयारियां की हैं। बैंकों ने भरोसा दिलाया है कि एटीएम में पर्याप्त नकदी उपलब्ध है और जरूरत पड़ने पर समय पर कैश भरा जाएगा। इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, कार्ड पेमेंट और अन्य डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से काम करती रहेंगी। सरकारी लेन-देन और अन्य जरूरी बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी। ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट के जरिए भी सेवाएं दी जाएंगी। सोमवार को वित्तीय सेवा विभाग के सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें एसबीआई चेयरमैन, सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के एमडी/सीईओ और आईबीए प्रमुख शामिल थे। बैंकों को निर्देश दिए गए कि हड़ताल के बावजूद ग्राहक सेवाएं बिना रुकावट चलती रहें।

### एमसीएक्स के तिमाही नतीजों से शेयरों में 6 फीसदी से अधिक तेजी

**मुंबई, यूटर्न/ 27 जनवरी।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमसीएक्स) के तिमाही नतीजों ने निवेशकों को खुश कर दिया है। दिसंबर तिमाही 2025 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 401 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 160 करोड़ रुपये था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 151 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एमसीएक्स का दिसंबर तिमाही का रेवन्यू 666 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी तिमाही के 301 करोड़ रुपये से 121 प्रतिशत अधिक है। एबिटा भी इसी दौरान 527 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। ये आंकड़े कंपनी के ऑपरेशन्स की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। बीएसई में मंगलवार को एमसीएक्स के शेयर **2385.40 रुपये पर खुलने के बाद 2428.30 रुपये तक पहुंचकर 6.38 फीसदी की तेजी पर कारोबार कर रहे थे। यह कंपनी के 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 2498 रुपये के काफी करीब है। एमसीएक्स का शेयर लंबे समय से निवेशकों को अच्छा रिटर्न दे रहा है। पिछले 6 महीनों में शेयर में 48 फीसदी की तेजी, एक साल में 113 फीसदी, दो साल में 269 फीसदी और पिछले पांच साल में 620 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है।

# एम्ब्रेयर और अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस मिलकर भारत में रीजनल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट इकोसिस्टम विकसित करेंगे

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।

एम्ब्रेयर और अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने मंगलवार को भारत में एकीकृत रीजनल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट इकोसिस्टम विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर साइन किए।

इसका उद्देश्य देश में एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और आफ्टरमार्केट सर्विसेज और पायलट ट्रेनिंग में साझेदारी करना है। इस साझेदारी के माध्यम से, कंपनियों का लक्ष्य एक असेंबली लाइन स्थापित करना है, जिसके बाद आत्मनिर्भर भारत पहल और




उड़ान रीजनल कनेक्टिविटी विजन के अनुरूप भारत के रीजनल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (आरटीए) कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए स्वदेशीकरण में चरणबद्ध वृद्धि की जाएगी।

एम्ब्रेयर कमर्शियल एविएशन के प्रेसिडेंट और सीईओ अर्जन मेइजर ने कहा, 'भारत एम्ब्रेयर के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और यह साझेदारी हमारी एयरोस्पेस विशेषज्ञता को अदाणी की मजबूत औद्योगिक क्षमताओं और स्वदेशीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ जोड़ती है।'

मेइजर ने आगे कहा, 'हम मिलकर भारत के आरटीए संबंधी महत्वाकांक्षाओं के समर्थन में सबसे व्यवहार्य, उन्नत और कुशल समाधानों का मूल्यांकन करेंगे और उनके कार्यान्वयन की क्षमता का आकलन करेंगे।'

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के निदेशक जीत अदाणी ने कहा, 'रीजनल एविएशन आर्थिक विस्तार की रीढ़ है। उड़ान जैसी पहलों के कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में हवाई संपर्क में बदलाव आ रहा है, ऐसे में स्वदेशी क्षेत्रीय विमानन इकोसिस्टम जरूरी हो गया है।' भारत में एम्ब्रेयर की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है और देश में इसका लंबा इतिहास है। वर्तमान में वाणिज्यिक, रक्षा और व्यावसायिक विमानन क्षेत्रों में 11 प्रकार के लगभग 50 एम्ब्रेयर विमान कार्यरत हैं। प्रस्तावित प्रणाली घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ इंजीनियरिंग, विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और सहायक सेवाओं में महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने के लिए तैयार की गई है।

# केजरीवाल-अतिशी की याचिका पर सुप्रीम सुनवाई, मानहानि समन से जुड़ा है मामला

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।

सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की याचिका पर सुनवाई करेगा। इस याचिका में उन्होंने वोटर्स लिस्ट से कथित तौर पर वोटर्स के नाम हटाने के मामले में अपनी टिप्पणियों को लेकर मानहानि के मामले में जारी समन को रद्द करने की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर पब्लिश कॉजलिस्ट के अनुसार, यह मामला जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच के सामने लिस्टेड है।

इससे पहले, केजरीवाल और आतिशी को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा नेता राजीव बब्बर द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जस्टिस हृषिकेश रॉय (अब रिटायर्ड) की अध्यक्षता वाली तत्कालीन बेंच ने अपने अंतरिम आदेश में इस बात पर जोर दिया था कि क्या किसी राजनीतिक पार्टी को मानहानि का मुकदमा दायर करने के लिए पीड़ित व्यक्ति माना जा सकता है, इस सवाल पर गहरी जांच की जरूरत होगी।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि चार हफ्ते में जवाब देने के लिए नोटिस जारी करें। इस बीच आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी।

सितंबर 2024 में दिल्ली हाई कोर्ट ने आप नेताओं को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499/500 के तहत अपराधों के लिए ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी समन आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया था। याचिका खारिज करते हुए, कोर्ट ने कहा, 'याचिकाकर्ताओं द्वारा लिया गया बचाव कि आरोप नेक इरादे से और जनहित में लगाए गए थे, इसे ट्रायल के दौरान साबित और स्थापित करने की जरूरत है।'

जस्टिस अनूप कुमार मेंदिरत्ता की सिंगल-जज बेंच ने कहा, 'मौजूदा मामले में लगाए गए आरोप पहली नजर में मानहानिकारक हैं, जिनका मकसद भाजपा को बदनाम करना और कुछ खास समुदायों के करीब 30 लाख वोटरों के नाम हटाने के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराकर गलत राजनीतिक फायदा उठाना है।' जस्टिस मेंदिरत्ता ने आगे कहा कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने में किसी राजनीतिक पार्टी की शायद ही कोई भूमिका होती है, क्योंकि यह काम चुनाव आयोग को कानून के मुताबिक करने के लिए सौंपा गया है।

मार्च 2019 में ट्रायल कोर्ट ने भाजपा दिल्ली यूनिट के अधिकृत प्रतिनिधि बब्बर की शिकायत पर केजरीवाल, आतिशी और सुशील कुमार गुप्ता के साथ मनोज कुमार को समन भेजा था।

भाजपा नेता बब्बर ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि आप नेता ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि भाजपा के निर्देश पर बनिया, पूर्वांचली और मुस्लिम समुदायों के 30 लाख वोटरों के नाम चुनाव आयोग ने हटा दिए हैं। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी समन में दखल देने से इनकार करने से नाराज होकर, केजरीवाल और आतिशी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और पूरी कार्यवाही को रद्द करने की मांग की थी।

## फटाफट खबरें

### उज्जैन से नोएडा लौट रहे 5 दोस्तों की सड़क हादसे में मौत, एक घायल




नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी। उज्जैन से बाबा महाकाल के दर्शन कर नोएडा लौट रहे पांच दोस्तों की कार दिल्लीझमुंबई एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हो गई। हादसा चेनेज नंबर 194 (पापड़दा और नांगल राजावतान थाना क्षेत्र) के पास हुआ। कार (हरियाणा नंबर) तेज रफ्तार में थी और पीछे से किसी अज्ञात भारी वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एकमात्र जीवित युवक ने बताया कि ट्रक चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और कार को कई किलोमीटर तक घसीटता रहा। इस दौरान कार के परखच्चे उड़ गए और चारों की जान चली गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों की आधिकारिक पहचान अभी नहीं हो पाई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है और परिजनों को सूचित किया जा रहा है।

### मोगा में चाइना डोर का कहर जारी, नेता के बेटे को गंभीर चोट

मोगा, यूटर्न/ 27 जनवरी। पंजाब सरकार और स्थानीय प्रशासन ने चाइना डोर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दावा किया है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। राज्यभर में यह खतरनाक डोर अभी भी खुलेआम बिक रहा है, जिससे युवा, महिलाएं और पुरुष लगातार हादसों का शिकार हो रहे हैं। मोगा में हाल ही में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। चाइना डोर के खिलाफ अभियान चलाने वाली एक संस्था के नेता का बेटा सड़क पर चलते समय इस खतरनाक डोर की चपेट में आ गया। डोर सीधे उसके चेहरे से टकराई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके चेहरे पर कई टांके लगाए। इस घटना के बाद मोगा के कई गणमान्य लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर अब भी चाइना डोर बेचने वालों के खिलाफ प्रभावी कदम नहीं उठाए गए..

## दिल्ली सरकार ने द्वारका अस्पताल में डायलिसिस सेवाओं का किया विस्तार

नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी। पश्चिमी दिल्ली में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़े कदम के तहत इंदिरा गांधी अस्पताल (आईजीएच) द्वारका ने कई महत्वपूर्ण मेडिकल सेवाओं का विस्तार किया है, जो सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की हर नागरिक के लिए सुलभ, समय पर और अच्छी क्वालिटी की स्वास्थ्य सेवा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी। नवीनतम विस्तार के हिस्से के रूप में अस्पताल में डायलिसिस सेवाओं में काफी वृद्धि की गई है, जिसमें डायलिसिस बेड और मशीनों की संख्या 35 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। इस सुधार से मरीजों के लिए प्रतीक्षा समय में काफी कमी आने और तेज, बिना रुकावट के किडनी देखभाल सुनिश्चित होने की उम्मीद है। डायग्नोस्टिक क्षमता को और मजबूत करते हुए रेडियोलॉजी विभाग में विशेष रूप से इमरजेंसी और ट्रॉमा मामलों के लिए 500 एमए एक्स-रे मशीन लगाई गई है, जिससे गंभीर मरीजों के लिए तेज और ज्यादा सटीक इमेजिंग सहायता मिल सकेगी। सर्जिकल तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए ऑपरेशन थिएटर (ओटी) सेवाओं का समय अब सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक बढ़ा दिया गया है, जिससे सर्जिकल हस्तक्षेप की ज्यादा उपलब्धता और बेहतर रोगी परिणाम सुनिश्चित होंगे। इसके अलावा, आईजीएच ने एचआरसीटी के तहत एम्स कॉर्नियल रिट्रीवल सेंटर के सहयोग से कॉर्नियल रिट्रीवल सेवाएं शुरू की हैं, यह एक ऐसा कदम है जो नेत्रदान को बढ़ावा देगा और दृष्टिबाधित मरीजों के लिए प्रत्यारोपण सेवाओं को बढ़ाएगा।

## दिल्ली में रेप के दो मामलों में फरार शख्स गुरुग्राम से गिरफ्तार, 2016 और 2022 के मामलों में था वांछित

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रेप के दो मामलों में फरार चल रहे आरोपी करण डोलतानी (33) को गिरफ्तार किया है। करण मटियाला एक्सटेंशन का रहने वाला है। बिंदापुर पुलिस स्टेशन में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी।

पुलिस के मुताबिक, पहला मामला वर्ष 2016 का है। उस समय आरोपी ने अपने घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका की बेटी से रेप किया था। इस घटना के बाद बिंदापुर थाने में प्राथमिकी धारा 376 आईपीसी के तहत दर्ज हुई। अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई। बाद में उसकी पत्नी की मेडिकल स्थिति के आधार पर उसे 28 दिनों के लिए अंतरिम जमानत मिली। जमानत की अवधि खत्म होने के बाद उसने सरेंडर नहीं किया और फरार हो गया।

दूसरा मामला वर्ष 2022 का है। आरोपी ने अपनी पत्नी की सहेली से दुष्कर्म किया, जिसमें अपहरण जैसी हरकतें भी शामिल थीं। बिंदापुर थाने में धारा 341, 342, 376 और 377 आईपीसी के तहत दर्ज हुई। आरोपी इस मामले में भी गिरफ्तारी से बचता रहा। क्राइम ब्रांच की टीम को इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश सौंपी गई। टीम ने मैनुअल और टेक्निकल दोनों तरीकों से उसकी निगरानी की। कांस्टेबल



मुकेश को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी हरियाणा के गुरुग्राम में घमरोज टोल प्लाजा के पास टोल रोड पर आएगा। इसकी पुष्टि हेड कांस्टेबल भंवर ने टेक्निकल जांच से की।

डीसीपी क्राइम ब्रांच हर्ष इंदोरा, आईपीएस के निर्देश पर इंस्पेक्टर गौतम मलिक के नेतृत्व में टीम तैयार की गई, जिसमें एसआई कुलदीप, एसआई रवि, एचसी भंवर और कांस्टेबल मुकेश शामिल थे। टीम ने एसीपी राज पाल डाबास की निगरानी में जाल बिछाया और आरोपी को गुरुग्राम के टोल रोड से गिरफ्तार कर लिया। करण डोलतानी ने बताया कि वह कॉल सेंटर में काम करता था। उसके खिलाफ पहले भी दिल्ली के विभिन्न थानों में ऐसे गंभीर मामले दर्ज हैं। वह कमजोर लड़कियों को निशाना बनाता था, उनके भरोसे और मजबूरी का फायदा उठाता था।

## दिसंबर से बंगाल में निपाह वायरस के केवल 2 मामले सामने आए: सरकार

नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि पिछले दिसंबर से अब तक पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस बीमारी के केवल दो मामलों की पुष्टि हुई है।

मंत्रालय ने मीडिया में निपाह वायरस को लेकर फैल रही अटकलों और गलत आंकड़ों पर चिंता जताई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कुछ रिपोर्टें भ्रामक हैं। मंत्रालय के अनुसार, इन दो पुष्ट मामलों के संपर्क में आए कुल 196 लोगों की पहचान की गई। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने सभी की निगरानी की और जांच कराई। किसी में भी बीमारी के लक्षण नहीं पाए गए और सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। मंत्रालय ने साफ किया कि इन दो मामलों के अलावा अब तक निपाह वायरस का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। मामलों की पुष्टि के बाद केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार के साथ मिलकर तय स्वास्थ्य नियमों के तहत तुरंत जरूरी कदम उठाए। निगरानी बढ़ाई गई और केंद्र और राज्य की स्वास्थ्य एजेंसियों ने मिलकर लैब जांच और फील्ड जांच जैसे उपाय किए, जिससे स्थिति को समय रहते काबू में रखा जा सका।

## यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई एक और याचिका

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।

उच्च शिक्षा संस्थानों को लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों का लगातार विरोध हो रहा है। इन नियमों को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है। इसी क्रम में मंगलवार को एक और याचिका दाखिल की गई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि ये नियम सामान्य वर्ग के लिए भेदभावपूर्ण हैं। वकील विनीत जिंदल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा कि ये नियम सामान्य वर्ग के लिए भेदभावपूर्ण हैं और उनके मौलिक अधिकारों का हनन करने वाले हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है कि यूजीसी रेगुलेशंस-2026 के प्रावधान 3(सी) को लागू करने पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा, 2026 के नियमों के अंतर्गत बनाई गई व्यवस्था सभी जाति के व्यक्तियों के लिए लागू हो।

इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट में सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए नियम 3(सी) को चुनौती दी



गई। एक जनहित याचिका (पीआईएल) में यूजीसी के नए नियम 3(सी) को मनमाना, भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक बताते हुए रद्द करने की मांग की गई। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि यह प्रावधान उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नाम पर कुछ वर्गों (खासकर सामान्य वर्ग) के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देता है और इससे कुछ समूहों को शिक्षा से बाहर किया जा सकता है। याचिका में कहा गया कि नियम 3(सी) संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 21 (व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है।

## एनसीआर में बदलेगा मौसम, आज तेज बारिश और आंधी की संभावना, प्रदूषण से मिलेगी राहत

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बीते तीन दिनों से खिली धूप के बाद एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार आज 27 जनवरी को एनसीआर के कई हिस्सों में तेज बारिश और गरज-चमक के साथ आंधी आने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया है कि दिनभर अलग-अलग समय पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति



घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार 27 जनवरी को अधिकतम तापमान करीब 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। नमी का स्तर भी काफी अधिक रहेगा, जो सुबह के समय 100 प्रतिशत तक और दिन में करीब 80 प्रतिशत रहने की संभावना है। सुबह, दोपहर, शाम और रात-चारों समय गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। 28 जनवरी से मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा। आईएमडी के अनुसार 28, 29 और 30 जनवरी को एनसीआर में मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। 28 जनवरी को तापमान 18 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि 29 और 30 जनवरी को अधिकतम तापमान 18-19 डिग्री और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

इन दिनों किसी तरह की मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। बारिश और तेज हवाओं का असर वायु गुणवत्ता पर भी साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। एनसीआर के कई इलाकों में एक्यूआई में सुधार दर्ज किया गया है। नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 287, सेक्टर-62 में 258, सेक्टर-1 में 288 और सेक्टर-116 में 303 दर्ज किया गया है।

# मेरे पति और परिवार को बेवजह न घसीटें: नेहा कक्कड़



हाल ही में सोशल मीडिया पर मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ की रिश्तों और जिम्मेदारियों से ब्रेक लेने की बात के बाद उनके पति रोहनप्रीत सिंह से तलाक की अफवाहें तेज हो गईं। कई यूजर्स कयास लगाने लगे कि यह पोस्ट शायद उनके वैवाहिक जीवन से जुड़ी परेशानी की ओर इशारा कर रही थी। इन तमाम अटकलों के बीच अब नेहा कक्कड़ ने खुद सामने आकर सच्चाई साफ की है। सिंगर ने अपनी ऑफिशियल इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा नोट शेयर करते हुए तलाक की अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि उनके पति रोहनप्रीत सिंह और उनके परिवार का उस पोस्ट से कोई लेना-देना नहीं था। नेहा ने माना कि उन्होंने भावनात्मक स्थिति में वह पोस्ट शेयर कर दी थी, जो शायद उन्हें नहीं करनी चाहिए थी। नेहा कक्कड़ ने अपने नोट में पति रोहनप्रीत सिंह को मासूम बताते हुए लोगों से अपील की कि वे उनके पति या परिवार को इस मामले में न घसीटें। उन्होंने लिखा कि उनके पति और परिवार दुनिया के सबसे अच्छे लोग हैं और आज वह जो कुछ भी हैं, उनके सपोर्ट की वजह से हैं। नेहा ने यह भी साफ किया कि उन्हें कुछ और लोगों और सिस्टम से परेशानी है, न कि अपने रिश्ते या परिवार से। सिंगर ने आगे स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करते वक्त उन्हें अपनी भावनाओं पर काबू रखना चाहिए था। उन्होंने लिखा कि यहां लोग छोटी सी बात को भी बड़ा मुद्दा बना देते हैं। इस पूरे घटनाक्रम से उन्हें सबक मिला है और अब वह अपनी निजी जिंदगी को सोशल मीडिया पर साझा नहीं करेंगी। नेहा ने खुद को इमोशनल नेहा बताते हुए कहा कि वह इस दुनिया के लिए शायद जरूरत से ज्यादा भावुक हो जाती हैं। नेहा कक्कड़ ने अपने फैंस से माफी भी मांगी और उनके प्यार व सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही खुद को संभालकर वापस आएंगी। गौरतलब है कि इससे पहले नेहा ने जो पोस्ट शेयर की थी, उसमें उन्होंने कहा था कि वह काम, रिश्तों, जिम्मेदारियों और सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हैं और उन्हें नहीं पता कि वह कब या लौटेंगी भी या नहीं।



# बड़े वेब सीरीज प्रोजेक्ट के लिए ऋचा ने किया लुक में बदलाव

बॉलीवुड की दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी अभिनेत्री ऋचा चड्ढा एक बार फिर चर्चा में हैं। अभिनेत्री को हाल ही में छोटे और स्टाइलिश हेयरकट के साथ देखा गया। यह बदलाव उनके आने वाले एक बड़े ओटीटी प्रोजेक्ट की तैयारी से जुड़ा बताया जा रहा है। ऋचा हमेशा से अपने किरदारों के साथ पूरी ईमानदारी और समर्पण के लिए जानी जाती हैं और उनके लुक में बदलाव अक्सर किसी नए और चुनौतीपूर्ण रोल की ओर इशारा करता है। ऋचा के करीबी सूत्रों के अनुसार, यह नया लुक एक बड़े वेब सीरीज प्रोजेक्ट के लिए है, जिसकी शूटिंग फरवरी के पहले हफ्ते से शुरू होने वाली है। इस सीरीज में ऋचा फीमेल लीड की भूमिका निभाएंगी और उनका किरदार कहानी का अहम केंद्र होगा। हालांकि फिलहाल इस प्रोजेक्ट से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि यह उनके करियर का एक मजबूत और प्रभावशाली किरदार साबित हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि ऋचा जल्द ही इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा भी करेंगी। सूत्रों ने यह भी बताया कि ऋचा अपने काम को लेकर बेहद गंभीर रहती हैं। जब भी वह अपने लुक में कोई बदलाव करती हैं, उसके पीछे कोई न कोई रचनात्मक वजह जरूर होती है। उनके लिए अभिनय सिर्फ डायलॉग बोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि किरदार की सोच, उसकी जिंदगी और उसके व्यवहार को पूरी तरह अपनाना ही असली अभिनय है। यही वजह है कि वह किसी भी भूमिका की मांग के अनुसार खुद को ढालने से कभी पीछे नहीं हटतीं। ऋचा चड्ढा ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत फिल्म 'ओए लकी! लकी ओए!' से की थी, जिसमें उनका रोल छोटा जरूर था, लेकिन दर्शकों को याद रह गया। इसके बाद 2012 में आई अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई। इस फिल्म के बाद ऋचा ने लगातार ऐसे किरदार चुने, जो उन्हें एक सशक्त अभिनेत्री के रूप में स्थापित करते चले गए। 'गोलियों की रासलीला राम-लीला', 'मसान', 'फुकरे', 'सेक्शन 375' जैसी फिल्मों में उन्होंने हर बार खुद को नए अंदाज में पेश किया। फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी ऋचा ने अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। वेब सीरीज 'इनसाइड एज' में उनके काम को खास तौर पर सराहा गया। हर प्रोजेक्ट के साथ उन्होंने यह साबित किया कि वह चुनौतीपूर्ण और अलग किरदारों से डरती नहीं हैं। ऋचा आखिरी बार संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में नजर आई थीं।

# युजवेंद्र चहल की पर्सनल लाइफ फिर चर्चा में, शेफाली बग्गा संग वीडियो वायरल



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।** टीम इंडिया के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल एक बार फिर क्रिकेट नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। मैदान से दूर इन दिनों चहल का नाम लगातार उनकी पर्सनल लाइफ से जुड़ी खबरों में सामने आ रहा है। हाल ही में उनकी कथित गर्लफ्रेंड आरजे महवश के साथ ब्रेकअप की चचाएं तेज हो गई हैं। दोनों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है, जिसके बाद से उनके रिश्ते को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। इसी बीच अब युजवेंद्र चहल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट शेफाली बग्गा के साथ नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में चहल और शेफाली को डिनर डेट के बाद एक रेस्त्रां से बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है। शुरूआत में चहल ने अपने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था, लेकिन जैसे ही कैमरों की नजर उन पर पड़ी, उन्होंने मास्क हटाकर चेहरा दिखाया। वहीं शेफाली बग्गा कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई दिखाई दीं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर चचाएं शुरू हो गईं कि क्या चहल की जिंदगी में किसी नई शख्सियत की एंट्री हो चुकी है। आरजे महवश के साथ अनफॉलो करने के बाद मामला और तब सुर्खियों में आ गया, जब महवश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक क्रिप्टिक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उन्होंने बिना किसी का नाम लिए अपनी नाराजगी जाहिर की। महवश ने कहा कि पहले इंसान को खुद को ठीक करना चाहिए, तभी कोई रिश्ता आगे बढ़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अब किसी को समझाने की स्थिति में नहीं हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद यह कयास और मजबूत हो गए कि चहल और महवश के रिश्ते में वाकई दरार आ चुकी है।



# डीसीपी रीटा फरेरा की भूमिका में दिखाई देंगी भूमि पेडनेकर

अपनी नई वेब सीरीज 'दलदल' में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पहली बार एक पुलिस अफसर का किरदार निभा रही हैं। अभिनेत्री डीसीपी रीटा फरेरा की भूमिका में दिखाई देंगी। अपने काम को लेकर गंभीर रीटा किसी तरह का दिखावा नहीं करती। भूमि के अनुसार, यह किरदार बाहरी तौर पर भले ही शांत लगे, लेकिन अंदर से काफी मजबूत और जटिल है। भुमि पेडनेकर का कहना है कि उन्हें हमेशा ऐसे किरदारों की तलाश रहती है, जो बिल्कुल परफेक्ट न हों, बल्कि असली ज़िंदगी के इंसानों की तरह खामियों से भरे हों। उनके मुताबिक, वह अपने किरदारों को आसान, सुंदर या आकर्षक दिखाने की कोशिश नहीं करतीं। बल्कि वह चाहती हैं कि किरदार जैसा है, वैसा ही पर्दे पर दिखाई दे। 'दलदल' में रीटा फरेरा का किरदार भी इसी सोच को दर्शाता है, जो अपनी कमजोरियों और उलझनों के साथ आगे बढ़ती है। सीरीज में रीटा फरेरा एक ऐसे पुलिस सिस्टम का हिस्सा है, जहां पुरुषों का वर्चस्व है। इस माहौल में वह बिना शोर मचाए, बिना आक्रामक हुए अपने फैसले लेती है। भूमि बताती हैं कि रीटा अपनी भावनाएं जाहिर कम करती है और ज्यादा बोलने की बजाय अपने काम से जवाब देती है। वह अपनी बात शांत तरीके से रखती है और यही गुण उसे बाकी किरदारों से अलग बनाता है।

# काली पट्टी बांधकर खेलें पाक खिलाड़ी : बासित अली

» **कराची, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने कहा है पाकिस्तान टीम अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट में विरोध प्रदर्शन के लिए काली पट्टी बांधकर खेले। बासित ने कहा कि मैच के बहिष्कार की मांग सही नहीं है, इससे हमें ही नुकसान होगा। राय दी है। इसी जगह पाक टीम को खेलना चाहिये पर काली पट्टी बांधकर। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा है कि क्रिकेट अब केवल जेंटलमैन गेम नहीं रह गया है, बल्कि इसका पूरी तरह से राजनीतिकरण हो गया है। वहीं बहिष्कार की बातों को बेतुका बताते हुए उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान को बहिष्कार ही करना है, तो पहले ही इसकी घोषणा कर देनी थी। बासित के अनुसार यदि विरोध इतना ही अधिक है तो टी20 विश्वकप से पहले 1 फरवरी को होने वाले अंडर-19 विश्व कप के भारत-पाकिस्तान मैच से ही बहिष्कार करना चाहिये। बासित ने कहा कि बांग्लादेश ने विश्वकप में नहीं खेलने का फैसला कर गलती की है। इससे खेल का नुकसान हुआ है। क्रिकेट जगत के हाल के कुछ फैसलों को उन्होंने खेल के भविष्य के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बहिष्कार के फैसलों का आने वाले समय में प्रभाव नजर आयेगा। अनुसार, इन फैसलों के साइड इफेक्ट्स (दुष्प्रभाव) अब दिखाई दे रहे हैं और क्रिकेट के भविष्य पर इसके लंबे समय तक असर पड़ेंगे।



## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका में हिंसा का स्तर चिंताजनकः जर्मन चांसलर

**बर्लिन, यूटर्न/ 27 जनवरी।** जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज.ने अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में संघीय एजेंटों के हाथों अमेरिका के नागरिकों की हत्या को रेखांकित करते हुए देश में हिंसा के स्तर को चिंताजनक करार दिया। उत्तरी जर्मन शहर हैम्बर्ग में मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री मर्ज.से उन घटनाओं पर उनके विचार पूछे गये जिनमें अमेरिकी संघीय प्रवर्तन अभियानों के दौरान दो अमेरिकी नागरिकों की मौत का मामला शामिल है। श्री मर्ज.ने कहा, मेरा मानना है कि अमेरिकी अधिकारी अब इस बात की पूरी तरह से जांच करेंगे कि क्या इन मामलों में गोली चलाना आवश्यक था और क्या वास्तव में इसमें शामिल अधिकारियों को कोई खतरा था। जर्मन चांसलर की ये टिप्पणियां मिनेसोटा के सबसे बड़े शहर मिनियापोलिस में इस महीने हुई दो घातक घटनाओं के बाद आयी हैं। शनिवार सुबह, एलेक्स प्रेट्टी को संघीय एजेंटों ने गोली मारकर हत्या कर दी, इससे पहले सात जनवरी को भी इसी तरह की एक घटना हुई थी, जब रेनी निकोल गुड को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### इजरायली सेना ने एक ही दिन में दक्षिण लेबनान पर किया दूसरा हमला

**यरूशलम, यूटर्न/ 27 जनवरी।** इजरायल की सेना ने एक बयान में कहा कि उसने सोमवार को दक्षिणी लेबनान पर एक और हमला किया जिसमें हिजबुल्लाह के एक सदस्य को निशाना बनाया गया। इजरायली सेना ने दावा किया कि नबातीह क्षेत्र में किया गया यह हमला हिजबुल्लाह द्वारा युद्धविराम समझौतों के बार-बार उल्लंघन के जवाब में किया गया। इससे पहले सोमवार को स्थानीय समाचार वेबसाइट लेबनान डिबेट ने कहा कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के शहर टायर पर हमला किया जिसमें अल-मनार टीवी के एक उद्घोषक शेख अली नूरेद्दीन की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इस बीच इजरायली सेना ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि मृतक नूरेद्दीन हिजबुल्लाह तोपखाने की टुकड़ी का प्रमुख था।

# पाकिस्तान में खतरनाक 'एक्जॉटिक पेट' संस्कृति फिर उजागर, निजी फार्मों से 59 बड़े शिकारी जानवर जब्त

» **लाहौर, यूटर्न/ 27 जनवरी।**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वन्यजीव अधिकारियों ने निजी फार्मों से 59 बड़े शिकारी जानवरों (बिग कैट्स) को जब्त किया है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर देश में तेजी से फैल रही और चिंताजनक 'एक्जॉटिक पेट' (विदेशी/दुर्लभ जानवर पालने) की संस्कृति को उजागर कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने इस पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

पाकिस्तान के प्रमुख अंग्रेजी दैनिक द नेशन ने एक संपादकीय में लिखा कि यह कार्रवाई खतरनाक वन्यजीवों के निजी स्वामित्व और प्रजनन को नियंत्रित करने के लिए बनाए गए नए नियमों के तहत की गई सख्त जांच और प्रवर्तन का हिस्सा है। अधिकारियों ने सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण को इस अभियान की प्रमुख वजह बताया है। 'एंडेंजर्ड एथिक्स' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय में अखबार ने कहा, 'पाकिस्तान वन्यजीव



संरक्षण से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों का हस्ताक्षरकर्ता है, लेकिन घरेलू स्तर पर इनके पालन में लंबे समय से ढिलाई बरती जाती रही है। इसी कारण विदेशी और खतरनाक जानवरों के प्रजनन और निजी प्रदर्शन की एक समानांतर अर्थव्यवस्था पनपती रही। इन जानवरों की जब्ती को किसी एक कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि देश में वन्यजीवों के प्रति रवैये में व्यापक बदलाव की शुरूआत के रूप में देखा जाना चाहिए। अखबार ने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष शिकारी जानवरों का निजी स्वामित्व कोई मासूम शौक नहीं..

# अमेरिका ने गाजा से इजरायली बंधकों की वापसी और शांति प्रयासों की सराहना की

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 27 जनवरी।**



व्हाइट हाउस ने गाजा से इजरायली बंधकों की वापसी और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण में मदद के लिए एक नए अंतरराष्ट्रीय तंत्र के गठन को मिडिल ईस्ट में विदेश नीति की एक बड़ी उपलब्धि बताया है। डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र करते हुए प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ने गाजा से बंधकों के आखिरी बचे हुए शव की वापसी सुनिश्चित करने में मदद की है।

व्हाइट हाउस की ब्रीफिंग में बोलते हुए कैरोलिन लेविट ने कहा कि यह घटनाक्रम न सिर्फ इजराइल के लिए, बल्कि व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'यह राष्ट्रपति, अमेरिका, हमारे सहयोगियों और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए बहुत अच्छी खबर है।'

उन्होंने आगे कहा कि 20 से ज्यादा देशों ने गाजा के पुनर्निर्माण पर केंद्रित एक नए स्थापित 'बोर्ड ऑफ पीस' पर हस्ताक्षर किए हैं। लेविट के अनुसार, यह पहल महीनों के तीव्र संघर्ष के बाद पुनर्निर्माण में सहायता के लिए एक समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रयास है। प्रेस सेक्रेटरी ने 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन को भी डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने निरंतर कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से असंभव को संभव कर दिखाया है। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप व्यक्तिगत रूप से मिडिल ईस्ट शांति प्रयासों को लेकर व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं। वे गाजा को स्थिर करने व हिंसा की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्षेत्रीय और वैश्विक साझेदारों के साथ लगातार संवाद कर रहे हैं। गाजा संघर्ष मिडिल ईस्ट में सबसे अस्थिर और बारीकी से देखे जाने वाले संकटों में से एक रहा है, जिसमें मानवीय मुद्दे, क्षेत्रीय सुरक्षा जोखिम और वैश्विक कूटनीति जटिल तरीकों से आपस में जुड़े हुए हैं। बंधकों की रिहाई और पुनर्निर्माण शुरू करने के प्रयास संघर्ष के बाद की चर्चाओं के केंद्र में रहे हैं।

भारत और पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर नजर रखने वाले अन्य देशों के लिए गाजा के पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय कूटनीति में अमेरिका की बदलती भूमिका को व्यापक मिडिल ईस्ट स्थिरता और भविष्य की शांति पहलों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# डेनमार्क-जर्मनी ने हरित ऊर्जा परियोजना समझौते पर किया हस्ताक्षर

**कोपेनहेगन, यूटर्न/ 27 जनवरी।** डेनमार्क ने जर्मनी के साथ मिलकर बोर्नहोम एनर्जी आइलैंड नामक एक प्रमुख अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना को संयुक्त रूप से विकसित करने पर सहमति व्यक्त की है।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुश्री फ्रेडरिक्सन ने हैम्बर्ग में उत्तरी सागर शिखर सम्मेलन के दौरान जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज. और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' यह एक सीमा पार परियोजना है जो यूरोपीय ऊर्जा बाजार को एकीकृत करती है।

यह जर्मन घरों, डेनमार्क के घरों और हमारी कंपनियों को हरित विद्युत प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह अपनी तरह की पहली परियोजना है। डीपीए की एक रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी सागर शिखर सम्मेलन में जर्मनी और डेनमार्क ने बाल्टिक सागर में बोर्नहोम द्वीप पर एक संयुक्त ऊर्जा केंद्र स्थापित एवं संचालित करने के लिए भी एक समझौता पर हस्ताक्षर किया। गौरतलब है कि इस द्वीप को बाल्टिक सागर में स्थित अपतटीय पवन ऊर्जा संयंत्रों से जर्मनी और डेनमार्क तक विद्युत पहुंचाने वाले केंद्र के रूप में उपयोग करने की योजना है। परियोजना के अंतर्गत दोनों देशों ने आवश्यक उपकरणों के निर्माण एवं रखरखाव की लागत साझा करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया कि शिखर सम्मेलन में उपस्थित बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, आयरलैंड, आइसलैंड, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और यूनाइटेड किंगडम के ऊर्जा मंत्रियों ने क्षेत्र में पवन ऊर्जा के विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस उद्योग में 2030 तक लगभग 9.5 अरब यूरो का निवेश करने की योजना है।

# टैक्स चोरी से पाकिस्तान को सालाना 1 ट्रिलियन रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।** पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर हो रही टैक्स चोरी के कारण सरकार को हर साल करीब 1 ट्रिलियन रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, केवल रियल एस्टेट सेक्टर में टैक्स चोरी से राष्ट्रीय खजाने को सालाना लगभग 500 अरब रुपये का नुकसान हो रहा है, जबकि अवैध तंबाकू कारोबार से 310 अरब रुपये की चपत लग रही है। इसके अलावा कई उपभोक्ता वस्तु उद्योग दस्तावेजी अर्थव्यवस्था से बाहर काम कर रहे हैं। कराची स्थित बिजनेस रिकॉर्डर में प्रकाशित लेख में कहा गया है कि इतनी व्यापक टैक्स चोरी और तस्करी नियामक एजेंसियों की मिलीभगत और संरक्षण के बिना संभव नहीं है। लेख के अनुसार, यदि यह संरक्षण न हो तो मामूली प्रवर्तन दबाव में ही छाया अर्थव्यवस्था तेजी से सिमट सकती है। लेख में बताया गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (एफबीआर) का 545 अरब रुपये का राजस्व घाटा इसी गंभीर स्थिति को दर्शाता है। यह केवल कमजोर आर्थिक गतिविधियों या सीमित टैक्स आधार का नतीजा नहीं है, बल्कि ऐसी अर्थव्यवस्था का परिणाम है, जहां मूल्य सृजन का बड़ा हिस्सा जानबूझकर टैक्स दायरे से बाहर रखा जाता है। इसके बावजूद सरकार टैक्स चोरी को बढ़ावा देने वाली संरचनाओं को तोड़ने के बजाय उन्हीं ईमानदार टैक्सदाताओं पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

# व्हाइट हाउस ने इमिग्रेशन कानून को लेकर राज्यों पर दबाव डाला

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 27 जनवरी।**



व्हाइट हाउस ने तथाकथित 'सैंक्चुरी पॉलिसी' की आलोचना की है। प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघीय आव्रजन कानूनों को लागू कराने के लिए राज्य और स्थानीय प्रशासन से अधिक मजबूत सहयोग की मांग कर रहे हैं।

व्हाइट हाउस की ब्रीफिंग में कैरोलिन लेविट ने कहा कि प्रशासन राज्य और लोकल सरकारों की ओर से आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के विरोध को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए सीधा खतरा मानता है। उन्होंने मिनेसोटा में डेमोक्रेटिक नेताओं पर संघीय आव्रजन कानून की खुलकर अवहेलना करने और संघीय अधिकारियों को अपना काम करने से रोकने का आरोप लगाया। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज से बात की और उन्होंने सहयोग के लिए तीन बहुत ही आसान और सामान्य समझ वाले बिंदु रखे, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि ये आईसीई और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच होने चाहिए। इनमें स्थानीय पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए अवैध प्रवासियों को सौंपना, आपराधिक रिकॉर्डवाले लोगों को कस्टडी में ट्रांसफर करना और अधिकारियों को बिना किसी रुकावट के काम करने देना शामिल था।

प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि प्रशासन का मानना है कि ऐसा सहयोग ज्यादातर राज्यों में आम बात है। इसके साथ ही, चेतावनी दी गई है कि इसका पालन न करने की वजह से मिनेसोटा में दुखद रूप से जानें गई हैं। लेविट के अनुसार, राष्ट्रपति कांग्रेस से अपील कर रहे हैं कि वह तुरंत ऐसा कानून पास करे जिससे 'सैंक्चुरी सिटीज' को हमेशा के लिए खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि अमेरिकियों को विरोध करने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन उनके पास कानूनी आव्रजन प्रवर्तन लागू करने के ऑपरेशन्स में रुकावट डालने और बाधा डालने का संवैधानिक अधिकार नहीं है।

# बांग्लादेश चुनाव: कट्टरपंथी साजिश के तहत अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 जनवरी।**



बांग्लादेश में फरवरी में होने वाले आम चुनावों से पहले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा भड़काने की एक सुनियोजित साजिश रची गई है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, चुनाव लड़ रहे कई नेता हिंदू विरोधी बयानबाजी को चुनावी मुद्दा बनाकर वोटों का ध्रुवीकरण करने की योजना पर काम कर रहे हैं।

इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह कुछ नेताओं की एक बैठक हुई, जिसमें हिंदुओं के खिलाफ हिंसा भड़काने की रणनीति तैयार की गई। इस साजिश को अंजाम देने के लिए कट्टरपंथी तत्वों को भी शामिल किया गया है। अधिकारी के मुताबिक, देश में अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति बेहद चिंताजनक है और चुनाव नजदीक आते ही हिंसा के और बढ़ने की आशंका है।

बांग्लादेश पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार चुनाव विकास, सुरक्षा या आर्थिक मुद्दों पर नहीं लड़ा जाएगा। इसके बजाय, पूरा चुनावी विमर्श हिंदू विरोधी और भारत विरोधी नैरेटिव के इर्द-गिर्द घूम सकता है।

सूत्रों के अनुसार, कुछ नेता कट्टरपंथी तत्वों को भड़काते हुए यह दावा कर रहे हैं कि भारत ने अपदस्थ नेता शेख हसीना को शरण दे रखी है। साथ ही यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि बांग्लादेश के हिंदू भारत समर्थक हैं और इसलिए उन्हें देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस साजिश का एक अहम हिस्सा अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ फर्जी कहानियां गढ़ना भी है। हिंदुओं पर चोरी और अन्य अपराधों के झूठे आरोप लगाए जाएंगे ताकि स्थानीय लोग उनके खिलाफ हिंसा कर सकें। शेख हसीना भी चुनावी राजनीति का बड़ा मुद्दा बनी हुई हैं।

# इक्वाडोर के पर्यटन-प्रमुख क्षेत्र में चार अलग-अलग हमलों में आठ की मौत

**कीटो, यूटर्न/ 27 जनवरी।** इक्वाडोर के मनाबी प्रांत के तटीय शहरों मांटा और मोंटेक्रिस्टी में रविवार रात हुए चार हथियारबंद हमलों में कम से कम आठ लोग मारे गये।

स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस जांच के हवाले से मिली रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी की घटनाएं स्थानीय समय के अनुसार शाम 7:50 बजे से रात 10:50 बजे के बीच कई इलाकों में हुईं। पहला हमला मोंटेक्रिस्टी के लॉस आटेर्सानोस इलाके में हुआ, जहां सड़क पर चलते समय एक दम्पति को गोली मार दी गयी। कुछ मिनट बाद मांटा के 12 डी ऑक्टूब्रे इलाके में एक आदमी को बाहर बैठे हुए गोली मार दी गयी। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है और 9-मिलीमीटर मैगजीन जब्त की है। तीसरी घटना मांटा के बेलाविस्टा में हुई, जब एक हमलावर एक घर में घुस गया और परिवार के एक जश्न के दौरान एक आदमी को गोली मार दी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *